Credible Quotient

**Publication** - DAINIK JAGRAN

**Date** - 12/11/2011

**Page** - 18

**Edition** - AGRA / GHAZIABAD

# नरेश महेश्वरी एएफआईई के अध्यक्ष निर्वाचित

नई दिल्ली (ए)। पूंजी बाजार कारोबारियों के प्रमुख संगठन द एसोसिएशन ऑफ नेशनल स्टॉक एक्सचेंजेज मेंबर्स ऑफ इंडिया (एएनएमआई) के अध्यक्ष डॉ नरेश महेश्वरी एशिया प्रशांत में निवेशकों को शिक्षित करने वाले अंतरराष्ट्रीय संगठन एशिया फोरम फॉर इवेंस्टर एजुकेशन (एएफआईई) के अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। एएनएमआई ने शुक्रवार को बताया कि दक्षिण कोरिया की राजधानी सोल में एएफआईई की आम वार्षिक बैठक में डॉ महेश्वरी निर्वाचित घोषित किए गए।

डॉ महेश्वरी संगठन के वर्तमान अध्यक्ष कुन हो हवांग का स्थान लेगें। इसके साथ ही एएनएमआई अब अमेरिका के ग्लोबल सब कमेटी एडं रीजनल कमेटी ऑफ इंटरनेशनल फोरम फॉर इंवेस्टर एजुकेशन में एशिया का प्रतिनिधित्व करेगा।